पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में विश्व योग दिवस का आयोजन

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के प्रांगण में विश्व योग दिवस का आयोजन आज दिनांक 21 जून, 2022 को प्रातः 07 से 08 बजे तक किया गया। विश्व योग दिवस में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के यशस्वी कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी उपस्थित थे। मा. कुलपति जी द्वारा अपने स्वागत उद्‌बोधन में अधिकारियों/कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुये योग का इतिहास एवं वर्तमान परिवेश में योग की महत्ता से अवगत कराया एवं छात्र–छात्राओं को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रोतसाहित किया। विगत एक सप्ताह से छात्र–छात्राओं को योगाभ्यास का प्रशिक्षण, योगाचार्यों द्वारा दिया जा रहा था। उन सभी छात्र–छात्राओं द्वारा कुलपति महोदय एवं अन्य अधिकारियों, शिक्षकों के साथ सम्मिलित होकर, विभिन्न प्रकार के योगासन किये गये।

विश्व योग दिवस के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के.शर्मा, कुलसचिव, डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक वन्यप्राणी, डॉ. शोभा जावरे एवं समस्त शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रवीण सिंह, क्रीडा अधिकारी एवं श्रीमती आरती तिवारी, योगाचार्य द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर